भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
TELECOM REGULATORY AUTHORITY OF INDIA
Tower-F, NBCC World Trade Centre,
Nauroji Nagar, New Delhi-110029

सत्यमेव जयते

भादूविप्रा
TRAI

मिसिल क्रमांक. ए-25/4/(16)/2024-ए.पी. (e-14293) दिनांक: 07 नवंबर, 2024

रिक्ति परिपत्र संख्याः सी-06 / 2024-25

भादूविप्रा (ट्राई) के क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलुरु, भोपाल, हैदराबाद, जयपुर और कोलकाता में परामर्शदाता [युवा पेशेवर]-(तकनीकी) की नियुक्ति के लिए विज्ञापन

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, भादूविप्रा अधिनियम, 1997 के तहत संसद के द्वारा स्थापित एक सांविधिक निकाय है। भादूविप्रा की स्थापना दूरसंचार सेवाओं को विनियमित करने और दूरसंचार क्षेत्र के सेवा प्रदाताओं एवं उपभोक्ता के हितों की रक्षा करने, दूरसंचार क्षेत्र के उचित एवं व्यवस्थित विकास को बढ़ावा देने तथा सुनिश्चित करने और इनसे संबंधित प्रासंगिक मामलों के लिए की गई है। वर्ष 2004 से, भादूविप्रा को प्रसारण एवं केबल सेवाओं के विनियमन से जुड़े कार्य का अधिकार भी सौंपा गया है।

2. भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्योलय, बेंगलुरु, भोपाल, जयपुर, हैदराबाद तथा कोलकाता में अनुबंध के आधार पर **परामर्शदाता [युवा पेशेवर]-(तकनीकी)** के निम्नलिखित पद एवं योग्यता के अनुरूप पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैः

विभाग का नाम	विवरण	विवरण
भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलुरु, भोपाल, हैदराबाद, जयपुर तथा कोलकाता	पद का नाम	**परामर्शदाता [यंग प्रोफेशनल]-(तकनीकी)**
	आवश्यक परामर्शदाताओं की संख्या	प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय (बेंगलुरु, भोपाल, जयपुर, हैदराबाद तथा कोलकाता) में **एक (01)**
	समय सीमा जिसके लिए परामर्शदाता को नियुक्त कियाजाना है	**01 वर्ष** *[भादूविप्रा की आवश्यकता और परामर्शदाता के प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है]*
	आयु सीमा	रिक्ति परिपत्र की तिथि को **32 वर्ष से कम** आयु।
	मासिक पारिश्रमिक	**रु.65,000/-** (निश्चित) प्रति माह तथा परिवहन भत्ता **@ ₹7,200/-** (निश्चित) प्रति माह।
	शैक्षिक योग्यता	**आवश्यक:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक्स / संचार / दूरसंचार / कंप्यूटर विज्ञान / सूचना प्रौद्योगिकी / डेटा विज्ञान या इनके संयोजन में बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी / बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग या समकक्ष।
	वांछनीय शैक्षणिक योग्यता	उपर्युक्त विषयों में एमई/एम.टेक

Badam

	योग्यता के बाद का अनुभव	**0 से 03 वर्ष** का कार्य अनुभव।
	कर्तव्यों का प्रकार	ट्राई अधिनियम के अंतर्गत कार्य करना तथा ट्राई क्षेत्रीय कार्यालय के सलाहकार द्वारा सौंपे गए कार्य/कर्तव्यों का निर्वहन करना।

3. परामर्शदाता की सेवाएं भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के **दिशानिर्देश संख्या ए-25/4/(3)/2021 दिनांक 24 जुलाई, 2023** (प्रतिलिपि संलग्न) के अनुसार शासित होंगी।

4. भादूविप्रा में **परामर्शदाता [यंग प्रोफेशनल]- (तकनीकी)** पद के लिए इच्छुक योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से URL: https://vacancies.trai.gov.in पर भेज सकते हैं। अन्य माध्यमों जैसे पोस्ट/ मेल आदि से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन प्राप्त करने की **<u>अंतिम तिथि 06 दिसंबर 2024</u>** है। निम्नलिखित दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियां भी ऑनलाइन आवेदन के साथ अपलोड की जानी हैः

(क) जन्म तिथि दर्शाने वाला दस्तावेज़ [जैसे आधार कार्ड, 10वीं की मार्कशीट (जन्म तिथि दर्शाने वाली), आदि] का प्रमाण हो।
(ख) शैक्षिक योग्यता(एँ) {10वीं कक्षा तथा उसके बाद की मार्कशीट। स्नातक में समेकित अंकों वाली अंतिम वर्ष की डिग्री मार्कशीट अनिवार्य है}।
(ग) शैक्षिक योग्यता के बाद का अनुभव / नौकरी।
(घ) कोई अन्य उपयुक्त दस्तावेज।

5. अपूर्ण आवेदन पत्रों एवं उपरोक्त 4 (क) से (घ) में उल्लिखित संबंधित दस्तावेजों के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

(दुर्गेन्द्र सिंह जादौन)
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्र. एवं का.)
दूरभाष. 011-26769-631
ईमेलः sroanp@trai.gov.in

प्रतिलिपि:
1. अध्यक्ष, भादूविप्रा के वि.का.अ.
2. सदस्य, भादूविप्रा के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव
3. सचिव, भादूविप्रा के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव
4. सभी प्रधान सलाहकार/ सलाहकार, भादूविप्रा [मुख्यालय]।
5. सभी प्रधान सलाहकार/ सलाहकार, भादूविप्रा [मुख्यालय]।
6. संयुक्त सलाहकार (आईटी) - कृपया परिपत्र को भादूविप्रा की वेबसाइट पर अपलोड करें।
7. उप महानिदेशक (रोजगार), श्रम और रोजगार मंत्रालय, श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली-110001-
कृपया परिपत्र को एनसीएस पोर्टल पर पोस्ट करने के अनुरोध के साथ।
8. नोटिस बोर्ड।